भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3187**

13 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**पलानी में आयुष अस्पताल**

3187. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के पलानी-डिंडीगुल जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष अस्पताल या वेलनेस सेंटर बनाने का प्रस्ताव है क्योंकि पलानी जिला, नरभासन, एक सिद्ध चिकित्सा के लिए लोकप्रिय है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग) **:** जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, तमिलनाडु के पलानी-डिंडीगुल जिले में आयुष अस्पताल या वेलनेस केंद्रों का निर्माण संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों और आयुष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए राज्य सरकार को वित्तीय सहायता दिए जाने का प्रावधान है, जिसके लिए राज्य सरकार को, एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, डिंडीगुल जिले के पलानी में एक नया सिद्ध मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किया गया है।

*****